प्रेस विज्ञप्ति

सडक दुर्घनाओ की रोकथाम बाबत् यातायात जागरूकता कार्यक्रम

दिनांकः-12.04.2024

श्रीमान राजेन्द्रसिंह पुलिस आयुक्त जोधपुर के निर्देशानुसार श्री शरद चौधरी पुलिस उपायुक्त यातायात जोधपुर, श्री दुर्गाराम चौधरी अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात जोधपुर के सुपरविजन में श्री रविन्द्र कुमार बोथरा सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पूर्व जोधपुर के नेतुत्व में आज दिनांक दिनांक 12.04.2024 को नवोत्कर्ष केरियर एकेडमी जोधपुर में नीट एवं आईआईटी जेईई अध्ययनरत विद्यार्थियों को यातायात शिक्षा टीम द्वारा यातायात शिक्षा मोबाईल वैन के माध्यम से यातायात नियमों की पीपीटी एवं हेलमेट लघु फिल्म दिखाकर ‘‘यातायात जागरुकता सेमिनार’’ का आयोजन किया गया।

यातायात शिक्षा प्रभारी श्री हनुमानसिंह हैडकॉनिस्टेबल द्वारा विद्यार्थियों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए बढ़ती सडक दुर्घटनाओं के कारण बताते हुए इसमें कमी लाने हेतु यातायात नियमों की पूर्ण पालना करने की समझाईश की गई। नाबालिग विद्यार्थियों द्वारा वाहन चलाने पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की विडियों क्लिप दिखाकर उनके दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। सडक दुर्घटना में घायल व्यक्ति की तत्काल मदद करने वाले व्यक्ति (गुडसेमेरिटन) हेतु उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देश, मुख्यमंत्री चिरंजीवी जीवनरक्षा योजना तथा बालवाहिनी गाईड लाईन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सभी विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पेम्पलेटस् वितरित किये गये।

कार्यक्रम के अन्त में एकेडमी के निदेशक डॉ. दिनेश गुप्ता, इंजि. एम एल छाजेड़, श्री डूंगरदान चारण, श्री पवन कुमार मिढा ने सभी विद्यार्थियों को यातायात नियमों की पूर्ण पालना करने का विश्वास दिलाते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

(रविन्द्र कुमार बोथरा)

सहायक पुलिस आयुक्त
यातायात पूर्व, आयुक्तालय जोधपुर

NAVOTKA
CAREER ACA
NCA
NEET& IIT-JE
Welcome
You

अमूल
airtel 5GPlus
NAVOTKA